# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

**रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर (मध्य प्रदेश)**

**विज्ञापन क्रमांक 01/स्थापना/2017, दिनांक 22.04.2017**

**अस्थिबाधित नि:शक्तजन हेतु आरक्षित भृत्य के पद की वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से पूर्ति हेतु विज्ञापन**

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 23.05.2017 (सायं 5:30 तक)

01 आयोग द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय में रिक्त मध्य प्रदेश के मूल निवासी अस्थिबाधित नि:शक्तजन हेतु आरक्षित भृत्य के एक पद की वाक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है.।

02 पद विवरण :-

| पद का नाम | भृत्य |
|---|---|
| श्रेणी | अस्थिबाधित नि:शक्तजन |
| वेतनमान | 4440-7440+ 1300 ग्रेड पे तथा राज्य शासन द्वारा देय भत्ते |
| आयु सीमा | आयु संगणना तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 45 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो।<br>टीप:- शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष , नि:शक्तजन को देय 10 वर्ष की छूट तथा छूट सहित अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष के परिप्रेक्ष्य मे सभी अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी। |
| आयु संगणना तिथि | 01.01.2018 |
| **अनिवार्य अर्हता** | |
| शैक्षणिक | आठवीं कक्षा उत्तीर्ण |
| अन्य अर्हता | 1. मध्य प्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र<br>2. मध्य प्रदेश के किसी जिला चिकित्सा मण्डल द्वारा जारी 40% या अधिक स्थायी अस्थिबाधित नि:शक्तता का प्रमाण-पत्र |
| अनर्हता | (अ) कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।<br>परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जायेगा।<br>(ब) कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।<br>परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा। |

03 **आवेदन विधि:-** उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in**, एवं **www.mppsc.com** पर उपलब्ध है । अभ्यर्थी आवेदन पत्र-का प्रारूप डाउनलोड करके उसे भरकर आवेदन पत्र के साथ केवल निम्न अभिलेख संलग्न करें:-

1. कक्षा-5 की अंकसूची की स्वप्रमाणित प्रति
2. तथा कक्षा-8 की अंकसूची की स्वप्रमाणित प्रति
3. मध्य प्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र
4. जिला चिकित्सा मण्डल द्वारा जारी 40% या अधिक स्थायी अस्थिबाधित नि:शक्तता का प्रमाण-पत्र।

उक्त अनुलग्नकों सहित आवेदन पत्र एक लिफाफे में रखकर लिफाफे के शीर्ष पर "भृत्य के पद हेतु आवेदन पत्र" लिखे। लिफाफे पर प्राप्तकर्ता के स्थान पर "सचिव, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी क्षेत्र, इंदौर (म.प्र.)" तथा प्रेषक के स्थान पर अपना स्वयं का पता लिखें" । लिफाफे पर यथोचित टिकट लगाकर आयोग को प्रेषित करें। अभ्यर्थी ध्यान रखें **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक 23.05.2017 (सायं 5:30 बजे तक)** आपका आवेदन प्राप्त होने पर की मान्य किया जाएगा। आवेदन पत्र व्यक्तिश: भी आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर जमा किए जा सकेंगे। **विलंब से प्राप्त आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगें**

03 **चयन प्रक्रिया:-** कक्षा 8 में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर 10 अभ्यर्थियों तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। **चयन के संदर्भ में सचिव, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम होगा।**

04 **आवेदन शुल्क :- उक्त पद हेतु आवेदन के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।**

05 **यात्रा व्यय :-** साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार उनके निवास के स्थान से इंदौर आने तथा वापसी का यात्रा व्यय का भुगतान आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा। इस हेतु अभ्यर्थी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित प्रति तथा यात्रा टिकट प्रस्तुत करना होगा तथा इस हेतु विहित घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**उप सचिव**

## मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

अस्थिबाधित नि:शक्तजन हेतु आरक्षित भृत्य के पद हेतु आवेदन-पत्र

अभ्यर्थी अपना पासपोर्ट साइज का फोटो चिपकाए तथा फोटो को क्रास करते हुये हस्ताक्षर करें

**अभ्यर्थी का व्यक्तिगत विवरण**

1 अभ्यर्थी का नाम

2 अभ्यर्थी के पिता का नाम

3 अभ्यर्थी की माता का नाम

4 श्रेणी (सही का निशान लगाए) सामान्य ☐ अनु. जाति ☐ अनु. जनजाति ☐ अ. पि. व. ☐

6 वैवाहिक स्थिति (सही का निशान लगाए) विवाहित ☐ अविवाहित ☐

7 बच्चों की संख्या ☐ अंतिम बच्चे की जन्मतिथि (2 से अधिक बच्चे होने पर) ☐

8 क्या आपको महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध में सिद्धदोष ठहराया गहया है (सही का निशान लगाए) हां ☐ नही ☐

9 अभ्यर्थी का वर्तमान पता

______________________

______________________

______________________

अभ्यर्थी का स्थायी पता

______________________

______________________

______________________

**मूल निवासी विवरण**

मूल निवास का स्थान ☐ मूल निवास का जिला ☐ मूल निवास का प्रदेश मध्य प्रदेश

प्रमाण-पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी ☐ मूल निवास प्रमाण-पत्र क्रमांक ☐ दिनांक ☐

**नि:शक्तता प्रमाण-पत्र विवरण**

नि:शक्तता का प्रकार अस्थिबाधित नि:शक्तता का प्रतिशत ☐ प्रमाण-पत्र जारी करने वाला जिला ☐

प्रमाण-पत्र जारी करने वाला प्राधिकारी ☐ नि:शक्तता प्रमाण-पत्र क्रमांक ☐ दिनांक ☐

**शैक्षणिक अर्हता विवरण**

| उत्तीर्ण परीक्षा | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | विद्यालय/ बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | रोल नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा -5 | | | | | | |
| कक्षा- 8 | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | |
| इंटरमीडियट | | | | | | |
| (अन्य) | | | | | | |

**घोषणा**

1 मै शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त समस्त जानकारी सही एवं प्रमाणित है।

2 उपरोक्त मे से कोई भी जानकारी गलत पाये जाने पर या मेरे द्वारा कोई सारभूत जानकारी छुपाए जाने पर चयन के किसी भी स्तर पर मेरी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

3 मैंने अपने विभाग/ कार्यालय प्रमुख को यह सूचित कर दिया है की मैंने उक्त पद हेतु आवेदन किया है। यदि मेरे विभाग/ कार्यालय प्रमुख द्वारा मेरे उक्त पद हेतु विचारण के संदर्भ मे आयोग को आपत्ति प्रेषित की जाती है तो मेरी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।

स्थान ____________

(अभ्यर्थी के हस्ताक्षर)

दिनांक ____________